# जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र डोईवाला के अन्तर्गत सौडा सरोली मुख्य मार्ग से सिरवालगढ़ गांव तक मार्ग निर्माण हेतु प्रस्तावित समरेखण की भूगर्भीय निरीक्षण आख्या।

1. अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0, ऋषिकेश के अन्तर्गत 2 किमी0 लम्बाई में सौडा सरोली मुख्य मार्ग से सिरवालगढ गांव तक मार्ग निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0 ऋषिकेश के अनुरोध पर प्रस्तावित मार्ग समरेखण का अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 30.04.2019 को सम्बन्धित अपर सहायक अभियन्ता श्री वीरेन्द्र सिंह चौहान के साथ निरीक्षण किया गया।

2. सौडा सरोली मुख्य मार्ग से सिरवालगढ गाव तक मार्ग निर्माण कार्य स्वीकृत है। मार्ग निर्माण हेतु खण्ड द्वारा एक समरेखण पर सर्वेक्षण किया गया है। इस मार्ग से सिरवालगढ व जामनखाल, अखण्डवानी मिलंग गॉव लभान्वित होगे। अवगत कराया गया है कि अलग-अलग भाग में समरेखण नाप एवं वन भूमि से लेकर गुजरता है। स्थल निरीक्षण के दिन समरेखन क्षेत्र में प्रथम दृष्टया कोई आस्थिरता दृष्टिगोचर नही हुई।

3. समरेखण क्षेत्र की भूगर्भीय स्थिति, भू-आकृति एवं उक्त प्रस्तर में वर्णित तथ्यों को ध्यान में रखते हुये निम्न सुझाव दिये जा रहे है, जिन्हे प्रस्तावित मार्ग निर्माण में सम्मिलित किया जाना आवश्यक है।

(क) यथा मार्ग की पूरी चौडाई कटान करके प्राप्त की जाये यह भविष्य में मार्ग की स्थिरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जहॉं रिटेनिंग दीवार का निर्माण अपरिहार्य हो वहा इनका निर्माण फर्म स्ट्रेटा पर समुचित परिकल्पना के आधार पर कराया जाये।

(ख) मार्ग के आरम्भ में टेक आफ प्वाइन्ट कम ढलान युक्त स्थिर भूमि में सावधानीपूर्वक बनाया जाये।

(ग) तीव्र ढलान में मार्ग की एक से अधिक आर्म्स की स्थिति को अपवर्क किया जाये अन्यथा फर्म स्ट्रेटा न होने की स्थिति में मार्ग के कटान के बाद स्थानीय भूस्खलन होने तथा मार्ग के क्षतिग्रस्त होने की सम्भावना हो सकती है।

(घ) जहॉं मार्ग कटान की ऊचाई अधिक हो और स्ट्रेटा कमजोर हो, आवश्यक होने पर उस भाग में मार्ग कटान के साथ-साथ समुचित ब्रेस्ट वाल का निर्माण कराया जाये।

(ड़) वर्षा के पानी की समुचित निकासी हेतु रोडसाईड ड्रेन एवं स्कपर का प्राविधान किया जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि स्कपर के पानी से भूक्षरण न हो।

भूमि हस्तातरण की दृष्टि से समरेखण क्षेत्र में किये गये निरीक्षण एवं खण्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये सर्वेक्षण विवरण के आधार पर यह एक जनरलाईज्ड आख्या है। मार्ग कटान के पश्चात् स्थिति में परिवर्तन भी सम्भव है। समरेखण/ मार्ग पर किसी विशिष्ट बिन्दु पर यदि सुझाव की आवश्यकता हो तो उसे अलग से अवगत कराया जायें।

सौडा सरोली मुख्य मार्ग से सिरवालगढ़ गांव तक मार्ग निर्माण हेतु 2 किमी0 लम्बाई का प्रस्तावित समरेखण वर्तमान परिस्थितियो में उपरोक्त सुझावो के साथ मार्ग निर्माण के लिये उपयुक्त प्रतीत होता है। इस हेतु प्रस्तावित भूमि भूगर्भीय दृष्टि से उपयुक्त है।

Photocopy Attested

सहायक अभियन्ता।
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0
ऋषिकेश

H. Kumar
30.4.19
(हर्ष कुमार),
वरि0 भूवैज्ञानिक (से0नि0),
लोक निर्माण विभाग।
देहरादून

D.sharda manjeet letter

Scanned with CamScanner

## भू–वैज्ञानिक की संस्तुतियों/सुझावों का अनुपालन किये जाने का प्रमाण पत्र

परियोजना का नामः– जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र डोईवाला के अन्तर्गत सौड़ा–सरोली मुख्य मार्ग से सिरवालगढ़ गॉव तक मार्ग निर्माण हेतु 0.2625 है0 वन भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण।

प्रमाणित किया जाता है कि विषयगत परियोजना के निर्माण हेतु भू–वैज्ञानिक द्वारा दिये गये सुझावों/संस्तुतियों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0,
ऋषिकेश

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0,
ऋषिकेश



Scanned with CamScanner